सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

#OperationMuskan#OperationTrinetra

प्रेस नोट- दिनांक 08.03.2024

इटावा पुलिस द्वारा नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद करते हुये 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 08.12.2023 को थाना भरथना क्षेत्रान्तर्गत निवासी वादी द्वारा थाना भरथना पर तहरीरी सूचना दी गयी कि उसकी बहन उम्र 14 वर्ष तथा उसके पडोसी की पुत्री उम्र 15 वर्ष कोचिंग पढने के लिये भरथना गयी थी जो लौटकर वापस नही आयी तो आसपास तलाश किया लेकिन कही पता नही चल सका। तहरीर के आधार पर थाना भरथना पर **मु0अ0सं0 337/2023 धारा 363 बढोत्तरी धारा 366 भादवि पंजीकृत किया गया।**

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे आज दिनांक 07.03.2024 को थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता प्रतीक्षा (काल्पनिक नाम) व दिव्याशीं (काल्पनिक नाम) 01 व्यक्ति के साथ ग्राम चितभवन तिराहे थाना इकदिल पर खड़े है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना भरथना पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर पीडिता/अपहृता उपरोक्त से महिला आरक्षी ललिता कुमारी द्वारा नाम पता पूछा गया तो उपरोक्त ने अपना नाम क्रमशः प्रतीक्षा (काल्पनिक नाम) उम्र 15 वर्ष व दिव्याशीं (काल्पनिक नाम) उम्र 14 वर्ष बताया जिन्हे महिला का0 ललिता की निगरानी में दिया गया तथा साथ खड़े व्यक्ति से उसका नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम सोमवीर यादव पुत्र जगवीर सिंह निवासी ग्राम पिपिली चक थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद हाल पता – दिवान जी टाल बंशी नगला मणी नाथ थाना सुभाष नगर जनपद बरेली उम्र करीब 21 वर्ष बताया जिसे भरथना पुलिस टीम द्वारा चितभवन तिराहे के पास से समय करीब 21.34 बजे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. सोमवीर यादव पुत्र जगवीर सिंह निवासी ग्राम पिपिली चक थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद हाल पता – दिवान जी टाल बंशी नगला मणी नाथ थाना सुभाष नगर जनपद बरेली उम्र करीब 21 वर्ष

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0 337/2023 धारा 363 बढोत्तरी धारा 366 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।

पुलिस टीमः- निरी0 श्री देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ0नि0 हाकिम सिंह, का0 सचिन कुमार व म0का0 ललिता कुमारी।